आयात लाइसेंस का शीर्षक "यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान, 1975 होगा/लाइसेंस संख्या और प्रत्ययों के रूप में "आर/के एस जी" या "एस/के एस जी" के साथ लाइसेंस कोड के अतिरिक्त इसमे नियतन संख्या होगी। क्षेत्रीय अनुदान का संकेत करने वाला प्रतीक पहचान प्रत्यय के रूप मे जाना जाएगा और इसके साथ एक पत्र "ए" होगा जो उस शक्ति क्षेत्र के लिए होगा जिसके लिए अनुदान का निश्चय किया गया है और इस के साथ इसमे उस वर्ष का संकेत करने वाली एक संख्या होगी जिसमे नियतन किया गया है और इस के साथ एक नियतन संख्या होगी।

उदाहरणार्थ : एस ई सी ए/72/14 (जी ओ आई) अर्थात् क्षेत्रीय अनुदान/शक्ति/वर्ष/नियतन सं०

(ख) ब्रिटिश सरकार के पूर्व अनुमोदन के साथ किए गए नियतन के मामले में प्रतीक "(जी ओ आई)" परिचय प्रत्यय में नहीं रहेगा जैसा कि नीचे के उदाहरण से प्रतीत होता है।

"एस ई सी/ए/72/14

(ग) **एक नियतन- बहुविध लाइसेंस.**—जब एक नियतन के मद्दे एक से अधिक आयात लाइसेंस जारी किए जाते हैं तो आयात लाइसेंस जारी करते समय लाइसेंस प्राधिकारी यह सुनिश्चय करेंगे कि नियतन से संबंधित प्रत्येक लाइसेंस में एक और परिचय चिन्ह होगा उदाहरण के लिए

(1) एस ई सी/ए/72/14 (जी ओ आई) /1 (प्रथम लाइसेंस)

(2) एस ई सी/ए/72/14 (जी ओ आई)/2 (द्वितीय लाइसेंस)

अर्थात क्षेत्रीय अनुदान/शक्ति/वर्ष/नियतन सं० लाइसेंस की क्रम सं०

(घ) **एक लाइसेंस–बहुविध लाइसेंस.**—जब एक आयात लाइसेंस के मदेंदे एक से अधिक खरीद आदेश/संविदा हों तो लाइसेंसधारी की यह जिम्मेदारी हो जाती है कि वह यह सुनिश्चय करे कि लाइसेंस के लिए परिचय चिन्ह के बाद ब्रैकेट में आयात लाइसेंस के अन्तर्गत प्रत्येक खरीद आदेश/संविदा के लिए एक और परिचय चिन्ह अर्थात (1), (2) आदि दिया जाता है,उदाहरण के लिए:—

नियतन के मद्दे जारी किए गए एस ई सी/ए 72/14 (जी ओ आई) 1(1)

आयात लाइसेंस के मद देसविदाओं के लिए एस ई सी/ए/72 14 (जी ओ आई)/1 (2) के लिए अर्थात क्षेत्रीय अनुदान/शक्ति/वर्ष नियतन संख्या/आयात लाइसेंस की क्रम सं० (खरीद आदेश की क्रम सं०)

इस तरह एक नियतन के मद्दे जारी किए गए द्वितीय आयात लाइसेंस के मद्दे लाइसेंस संविदा के लिए यह इस प्रकार होगा :—

एस० ई० सी/ए/72/14 (जी ओ आई)/2 (1)

एस ई सी/ए/72/24 (जी ओ आई)/2 (2)

टिप्पणी.— उपर्युक्त अथवा इन शर्तों में कहीं भी संकेतिक परिचय प्रत्यय, लाइसेंस प्राधिकारी एवं लाइसेंसधारी को क्रियाविधि समझाने के लिए केवल एक उदाहरण हैं एवं इनका प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। आयात लाइसेंस जारी करते समय उस संकेतिक किए जाने वाली प्रत्येक नियतन के संबंध में वास्तविक परिचय प्रत्यय वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा संकेतित किए जाएंगे।

लाइसेंस की वैधता अवधि.—2. आयात लाइसेंस संविदा करने के लिए 4 मास की प्रारम्भिक वैधता अवधि के लिए एवं पोतलदान पूर्ण करने के लिए 12 मास की वैधता अवधि के लिए लागत बीमा भाड़ा के आधार पर जारी किया जाएगा। लेकिन, जहां सुपुर्दगियों को पूरा करने के लिए अधिक समय लगने का अनुमान हो, वहां लाइसेंस की वैधता अवधि 18 मास तक कर दी जाएगी।

आयात लाइसेंस की पावती के 15 दिनों के भीतर ही आयातक को चाहिए कि वह आयात लाइसेंस की एक फोटोस्टेट प्रति वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यू ई-2 अनुभाग), नई दिल्ली को भेजे। इस की एक प्रति सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग, यू सी ओ बिल्डिंग पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेजी जानी चाहिए।

3. **आदेश देना.**—यू०के० संभरकों को लागत-बीमा-भाड़ा या लागत भाड़ा के आधार पर पक्के आदेश आयात लाइसेंस के जारी होने से चार मास के भीतर अवश्य ही दे दिए जाने चाहिए । पक्के आदेशों का अर्थ है भारतीय लाइसेंसधारी द्वारा यू०के० संभरक के लिए बाद वाले से पुष्टिकरण द्वारा विधिवत् समर्थित जारी किए गए क्रय आदेश या भारतीय आयातक एवं यू० के० संभरक दोनों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित क्रय संविदा/संविदा कीमियाद के लिए कीमतें सामान्यतः स्थायी होनी चाहिए ।

जब कभी किसी भारतीय कम्पनी के साथ बीमा किया जाता है तो किश्त को भारत में भारतीय रुपए में चुकाया जाना चाहिए ।

4. **आदेश देने में समय वृद्धि.**—यदि पक्के आदेश निर्धारित 4 मास की अवधि के भीतर नहीं दिये जा सके हैं तो आयात लाइसेंस लाइसेंस जारी करने वाले प्राधिकारी के पास भेजा जाना चाहिए और इसके साथ पक्के आदेशों को देने में विलम्ब के कारणों का और आदेश देने में यथाआवश्यक समयवृद्धि की मांग का संकेत किया जाना चाहिए । ऐसे आवेदन पत्रों पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा विचार किया जाएगा जो अधिक से अधिक दो मास की अवधि वृद्धि की स्वीकृति प्रदान कर सकते हैं । लेकिन, यदि वृद्धि की मांग आयात लाइसेंस के जारी होने से छः मास से अधिक के लिए की जाती है तो इस प्रकार के प्रस्ताव निरपवाद रूप से लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा आर्थिक कार्यविभाग (डब्ल्यू ई–2 अनुभाग) वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे जो आदेश भेजेगा ।

5. **भुगतान की विधि .**—यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान 1975 के अन्तर्गत भुगतानों के प्रयोजनार्थ मदों को निम्नलिखित दो श्रेणियों में बांटा गया है :

(1) (क) वे मदें जो प्रथम उपयोक्ता की परिचालन पूंजी में से अर्थयुक्त की गई हैं उदाहरणार्थ माल, संघटक, कलपुर्जे और अन्य उपभोग के लिए स्टोर्स जो कि प्रथम उपयोक्ता की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए प्राप्त किए गए हैं [प्रथम उपयोक्ता वह फर्म या संस्था है (व्यापारिक संस्थान से भिन्न) जिसने अनुदान में से दिए जाने वाले माल एवं सेवाओं को प्राप्त किया है। उदाहरण के लिए फर्म विद्युत संभरण उद्योग के लिए, संयंत्र, उपकरण एवं संघटकों का निर्माण करने वाली हो सकती है या स्वयं विद्युत संभरण उद्योग का उद्योग है] ।

(ख) वे मदें जो प्रथम उपयोक्ता की नियत पूंजी के अतिरिक्त हैं जैसे संयंत्र या अन्य सामान और सेवाएं जो प्रथम उपयोक्ता की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के प्रयोजनार्थ प्राप्त किए गए थे और (जिनकी कीमत विदेशी मुद्रा में 500,000 पौंड से कम है) ।

(ग) अन्तिम उपयोक्ताओं जैसे विद्युत बोर्ड द्वारा अपेक्षित सभी प्रकार की मदें ।

(2) वे मदें जो प्रथम उपयोक्ता की नियत पूंजी के अतिरिक्त है और जिसमें 500,000 पौंड या इससे अधिक स्टर्लिंग खर्चे शामिल हैं ।

कंडिका (1) (क), (ख) एवं (ग) के अन्तर्गत आने वाली मदों के लिए साख पत्र की स्थापना कर सामान्य बैंकिंग सूत्रों के माध्यम से संभरकों को भुगतान की व्यवस्था की जा सकती है लेकिन नीचे के खंड–3 (क) में दिए गए ब्यौरों के अनुसार, ऐसा करने के लिए **एक विशेष प्राधिकरण** सहायता लेखा एवं परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली से प्राप्त कर लिया जाना चाहिए ।

उपर्युक्त कंडिका (2) के अन्तर्गत आने वाली मदों के लिए भारत सरकार और यू० के० सरकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक है और खंड-3 (ख) में दी गई क्रियाविधि अपनाई जानी चाहिए ।

इसे नोट कर लेना चाहिए कि जब तक प्रारम्भिक 4 मास की अवधि या बढ़ाई गई अवधि के भीतर आदेश देने का काम पूरा नहीं कर लिया गया हो और लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा विशेष प्राधिकरण (उपर्युक्त कंडिका में संकेत किए गए के अनुसार) प्राप्त नहीं कर लिया जाता, तब तक विदेशी मुद्रा में प्राधिकृत व्यापारी साख पत्र की स्थापना करने की स्वीकृति नहीं देंगे ।

6. **भारतीय अभिकर्ता का कमीशन** भारतीय अभिकर्ता के किसी कमीशन के लिए भुगतान भारत स्थित अधिकर्ता को भारतीय रुपए में किया जाना चाहिए । लेकिन इस प्रकार के भुगतान लाइसेंस मूल्य के अंश होंगे और ये, इसलिए, इस के लिए लिए जाएंगे ।

7. आदेश नकद के आधार पर दिए जाने चाहिए और सभी भुगतान आयात लाइसेंस की वैधता अवधि के भीतर पूर्ण किए जाने चाहिए । अलग अलग भुगतानों की व्यवस्था माल के पोतलदान हो जाने पर अवश्य की जानी चाहिए । किसी भी प्रकार की साख सुविधा नहीं दी जाएगी ।

2. आदेशों/संविदाओं में शामिल की जाने वाली या अन्यथा रूप से ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें

8. जब आदेश/संविदाएं दी जा रही हों जो कि यू० के० संभरकों को ही दी जानी चाहिए (जिस की अभिव्यक्ति में चेनल आइलैंड तथा आइल आफ मैन भी शामिल है), लाइसेंसधारी को आदेश/संविदाओं में एक व्यवस्था द्वारा यह सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि खरीदे गए माल पूर्णतया या प्रधानतया यू० के० में उत्पादित अथवा निर्मित्त हैं या होंगे । जब इस प्रकार के माल खरीदने से संबंधित सेवाओं की भी व्यवस्था की जाती है, तो उसमें निहित उपयुक्त व्यवस्था द्वारा इसी प्रकार यह भी सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि ऐसे काम तथा सेवाएं साधारणतया यू०के० निवासी अथवा जो वहां व्यापार कर रहा है, उसके द्वारा प्रदान की जाती है अथवा की जाएंगी ।

9. **गैर यू० के० तत्व के माप दंड.**—(क) आयात लाइसेंस केवल यू० के० में प्राप्त एवं उत्पादित अथवा विनिर्मित सामान एवं/अथवा माल के लिए वैध होगा ।

(ख) भारतीय आयातक को उसके स्वयं के हित के लिए यह परामर्श दिया जाता है कि वह पहले से ही यू० के० संभरकों से इस बात का सुनिश्चय कर ले कि क्या प्रस्तावित आयातों में किसी प्रकार की गैर-यू० के० तत्व है और यदि है, तो उसकी प्रतिशतता क्या है । जब इस प्रकार की पूछ-ताछ करने पर पता लग जाता है कि आयात किए जाने वाले प्रस्तावित माल में गैर यू० के० तत्व है तो उसे वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यू ई-2 अनुभाग), नई दिल्ली को इस बात की पुष्टि के लिए अवश्य ही अवगत करवाना चाहिए कि आयातक को भावी यू० के० संभरक के साथ अपने आदेश/संविदा पूर्ण करने पर आगे कार्य करना चाहिए या नहीं । विशेष मामलों में संविदा के जहाज पर निशुल्क मूल्य के 20% की सीमा तक के गैर-यू० के० तत्व को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग के पूर्व अनुमोदन के साथ स्वीकार किया जा सकता है ।

10. नीचे के खंड 3 एवं 5 में उल्लिखित प्रलेखन आवश्यकताओं को तथा नीचे के खंड 4 में निर्धारित भुगतान की प्रक्रिया को ध्यान में रखा जाना चाहिए तथा संविदा में उचित रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए ।

3. संविदा की अधिसूचना तथा तत्संबंधी संशोधन

(क) उपर्युक्त 5(1) के अन्तर्गत आने वाले आयातों के संबंध में

11. आदेश देने के 15 दिनों के भीतर लाइसेंसधारी को चाहिए कि संविदा अथवा संविदा अधिसूचना की तीन प्रतियां (संलग्न अनुबन्ध-1 के रूप में) संपरक्त द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित संविदा प्रमाण पत्र (संलग्न अनुबन्ध 2 अथवा 2(बी) के रूप में, जो भी उपयुक्त हो) की दो प्रतियों के साथ सहायता लेखा एवं परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, यू० टी० ओ० बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेजे । संविदा अधिसूचना (अनुबन्ध-1) की एक प्रति सी० एन० ओवर, उप-निदेशक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली को भी पृष्ठांकित की जाए ।

12. सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक नई दिल्ली को उपर्युक्त प्रलेखों को (जैसा कि उपर्युक्त पैरा 11 में बताया गया है) भेजते समय लाइसेंसधारी द्वारा यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि दस्तावेजों में आयात लाइसेंस की संख्या तथा तारीख और अनुदान का शीर्षक (यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान 1975) भली भांति लिख दिया गया है । लाइसेंसधारी को इस बात का भी अवश्य सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आयात लाइसेंस का परिचय प्रत्यय सभी दस्तावेजों अर्थात् अग्रेषण पत्र, संविदा, संविदा अधिसूचना, संविदा प्रमाण पत्र आदि में संकेतित कर दिया गया है ।

उदाहरण.—यदि वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली द्वारा 1975 वर्ष के दौरान किसी विशेष नियतन के लिए परिचय प्रत्यय एस ई सी/ए/75 12 (जी ओ आई)' नियत कर दिया गया है तो प्रथम आयात लाइसेंस एवं द्वितीय आयात लाइसेंस के अन्तर्गत दस्तावेजों पर इस प्रकार परिचय प्रत्यय लगाए जाएंगे :—

(1) **प्रथम आयात लाइसेंस**	एस ई सी/ए/75/12 (जी ओ आई)/1
इसके अन्तर्गत प्रथम संविदा	एस ई सी/ए/75/12(जी ओ आई)/1(1)
इसके अन्तर्गत द्वितीय संविदा	एस ई सी/ए/75/12(जी ओ आई)/1(2)
	और आगे इसी तरह
(2) **द्वितीय आयात लाइसेंस**	एस ई सी/ए/75/12 (जी ओ आई)/2
इसके अन्तर्गत प्रथम संविदा	एस ई सी/ए/75/12 (जी ओ आई)/2(1)
इसके अन्तर्गत द्वितीय संविदा	एस ई सी/ए/75/12(जी ओ आई)/2(2)
	और आगे इसी तरह

13 किसी भी समय यदि संविदा में संशोधन किया जाता है या संविदा प्रमाण पत्र में उल्लिखित धनराशि से ज्यादा या कम धनराशि के लिए उसके अन्तर्गत यदि कोई जिम्मेदारी निहित की जाती है, तो लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह संविदा संशोधन की तारीख से 15 दिनों के भीतर अनुपूरक या संशोधित प्रलेखों को जिसमें संविदा के लिए संशोधित प्रतियां और संशोधित संविदा प्रमाण पत्र शामिल है, को सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को भेज दे ताकि वे इसकी सूचना यू० के० सरकार को दे सकें ।

14. यदि यू० के० संभरक के भारतीय अभिकर्त्ता के साथ संविदा की जाती है, तो उस यू० के० संभरक के नाम का संकेत होना चाहिए जिस को संविदा के उस स्टर्लिंग अंश के लिए भुगतान किया जाना है जो केवल इस अनुदान के अन्तर्गत भुगतान के योग्य होगा। ऊपर निर्धारित किए गए के अनुसार ऐसी संविदाओं की प्रतिया (उन संविदाओं की प्रतियां जो यू० के० संभरकों के साथ भारतीय अभिकर्त्ता द्वारा की गई है, यदि इस प्रकार की पृथक संविदाएं हैं) भेज दी जानी चाहिए।

(ख) पैरा 5 (2) अन्तर्गत आनेवाले आयातों के संबंध में

15. आदेश देने के 15 दिनों के भीतर लाइसेंसधारी को चाहिए कि संविदा अथवा संविदा अधिसूचना की चार प्रतियां (संलग्न अनुबन्ध-1 के रूप मे) संभरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित संविदा प्रमाण पत्र (संलग्न अनुबन्ध-2 या 2 बी के रूप में जो भी उपयुक्त हो) की पांच प्रतियों के साथ सहायता लेखा एव लेखा परीक्षा नियंत्रक, नई दिल्ली को भेजे। अनुबन्ध-1 की एक प्रति श्री सी० एल० ग्रोवर, उप-निदेशक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग नई दिल्ली को भी पृष्ठाकित की जानी चाहिए।

टिप्पणी :—चूंकि कोई भी साख पत्र तब तक स्थापित नहीं किया जा सकता है या संभरकों को भुगतान तब तक नही किया जा सकता है जबतक कि संविदा यू० के० सरकार द्वारा विधिवत् अनुमोदित नहीं हो जाती है इसलिए लाइसेंसधारी के लिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि यू० के० संभरक दवारा विधिवत हस्ताक्षरित संविदा प्रमाणपत्र के साथ संविदा/संविदा अधिसूचना की प्रतियां शीघ्र ही सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को भेज दी जाती है।

16. उपर्युक्त प्रलेखों (जैसा कि उक्त पैरा 15 में बताया गया है) को भेजते समय लाइसेंसधारी द्वारा यह सुनिश्चय करना चाहिए कि दस्तावेजों में आयात लाइसेंस की संख्या तथा तारीख और अनुदान का शीर्षक भली भांति लिख दिया गया है। लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस के मद्दे प्रत्येक संविदा में परिचय प्रत्यक्ष अवश्य देना चाहिए (कृपया पैरा 12 के अन्तर्गत दर्शाए गए उदाहरण को देखें)।

17. सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, मुख्य लेखा अधिकारी भारत का उच्च आयोग लन्दन (सी ए ओ लन्दन) के माध्यम से दस्तावेजों के एक सेट को, यू० के० सरकार यू० के० अनुदान में से की जा रही संविदा के अन्तर्गत भुगतानों के लिए उनकी स्वीकृति एवं अनुमोदन प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत करेगा। यू० के० सरकार का निर्णय ज्ञात होने के बाद यथाशीघ्र सी ए ओ, लन्दन वित्त मंत्रालय (सी ए ए एंड ए) के परामर्श पर यू० के संभरक को और साथ ही साथ लाइसेंसधारी को भी सीधे ही सूचित करेगा।

18. यदि किसी भी समय संविदा (की जा रही वह संविदा जिसके संबंध में यू० के० सरकार अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है या लेना बाकी है) में संशोधन किया जाता है या संविदा प्रमाण पत्र मे उल्लिखित धनराशि से ज्यादा/कम धनराशि के लिये उसके अन्तर्गत यदि कोई जिम्मेदारी निहित की जाती है, तो लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह अनुपूरक या संशोधित दस्तावेजों, संवदा संशोधन एवं परिशोधित संविदा प्रमाण पत्र की प्रतियों को सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा, नियंत्रण को भेज दे ताकि वह इस की सूचना यू० के० सरकार को उन की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए दे सके। जैसे ही यू० के० सरकार से संविदा संशोधन के लिए अनुमोदन प्राप्त हो जाता है, सी ए ओ लन्दन लाइसेंसधारी एवं वित्त मंत्रालय (सी ए ए एंड ए) को उसी तरह सूचित करेंगे जैसा कि मूल संविदा के मामले में किया जाता है।

19 यदि सविदा यू० के० सभरक के भारतीय अधिकर्ता के साथ की गई हो तो उपर्युक्त पैरा 14 मे बताई गई बातो का भी अनुपालन किया जाना चाहिए ।

4 यू० के० सभरको को भुगतान साख-पत्र की प्रक्रिया

20(क) लाइसेसधारी को चाहिए कि वह दस्तावेजो को भेजते समय (देखे खड-3 (क), या यू० के० सरकार द्वारा सविदा के अनुमोदन के बारे मे सूचना की प्राप्ति के बाद देखे पैरा 17) यू० के० सभरको के नाम मे यू० के० से सम्बद्ध बैंको मे से किसी भी एक बैंक मे जो विदेशी मुद्रा विनियम करने के लिए प्राधिकृत हो, साख पत्र खोलने के लिए प्राधिकरण-पत्र हेतु सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा, नियत्रक को आवेदन करे । प्राधिकरण पत्र के लिए आवेदन अनुबन्ध 3 मे दिए गए प्रपत्र मे किया जाना चाहिए और उस के साथ आयात लाइसेस की फोटो प्रति विनिमय दर के सत्यापन के लिए दी जानी चाहिए ।

(ख) खड-3 (ख) के अन्तर्गत आने वाली सविदाओ के मामले मे आयातक को चाहिए कि वह विदेशी मुद्रा मे प्राधिकृत व्यापारी से प्राप्त बैंक गारन्टी (अनुबन्ध 4 मे दिए गए प्रपत्र मे) को भी सलग्न करे । बैंक गारन्टी अनुबन्ध 4 मे यथा उल्लिखित ब्याज एव अन्य प्रभारो के साथ स्टर्लिंग धनराशि के बराबर रुपए को दर्शाने वाली उन धनराशि के लिए होनी चाहिए जिसके लिए प्राधिकार पत्र/साख पत्र खोला जाना आवश्यक है । परिवर्तन की दर समय समय पर राजस्व तथा बीमा विभाग द्वारा अधिसूचित विनिमय दर पर निर्धारित की जाएगी ।

टिप्पणी —सार्वजनिक क्षेत्र परियोजना द्वारा किसी प्रकार की बैंक गारन्टी की आवश्यकता नहीं है । ऐसे मामलो मे स्टेट बैंक आफ इन्डिया की किसी भी शाखा द्वारा (इसकी नियन्त्रित शाखा सहित) या राष्ट्रीय कृत बैंको मे से किसी भी शाखा द्वारा साख पत्र खोला जाएगा।

21. यदि आवेदन पत्र सही पाया जाता है तो सहायता लेखा एव लेखा परीक्षा नियत्रक वित्त मत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली सम्बन्ध भारतीय मुद्रा विनिमय में प्राधिकृत बैंक को अपेक्षित धनराशि के लिए प्राधिकरण पत्र जारी करेगा । खड-3 (क) एव 3(ख) के अन्तर्गत आने वाले मामलो मे से किसी भी मामले मे प्राधिकरण पत्र में सविदा/खरीद आदेश के परिचय प्रत्यय उल्लेख होगा जिस का सकेत खोले जाने वाले साख पत्र एव साख पत्र के अन्तर्गत भेजे जाने वाले सभी दस्तावेज मे होना चाहिए । खड-3 (ख) के अन्तर्गत आने वाली सविदाओ के मामले मे यू० के० सरकार के सविदा अनुमोदन की सख्या को भी प्राधिकार पत्र एव साख पत्र मे समाविष्ट किया जाना चाहिए । सहायता लेखा एव लेखा परीक्षा, नियत्रक जारी किए गए प्राधिकार पत्र के बारे मे भी यू० के० बैंक तथा सी ए ओ, लन्दन को उपयुक्त परामर्श देगा । लेकिन, यू० के० बैंक को दिया गया परामर्श सम्बद्ध भारतीय मुद्रा विनिमय बैंक को प्राधिकरण की प्रति के साथ भेजा जाएगा जो बदले मे इसे साख पत्र खोलने समय यू० के० बैंक को सप्रेषित करेगा ।

22. प्राधिकरण पत्र के जारी होने की तारीख से एक माह के भीतर साख पत्र खोल दिया जाना चाहिए और ऐसा नही करने की स्थिति मे प्राधिकरण समाप्त हो जाएगा ।

23. साख पत्र मे उन शर्तो का उल्लेख होने चाहिए जिसके अधीन लाइसेस दिया गया है, नीचे के खड 5 मे उल्लिखित सभी प्रलेखो के प्रस्तुतीकरण के बाद सभरको को भुगतान के लिए व्यवस्था होनी चाहिए । भुगतान के बाद प्रलेखो मे प्रेषण करने से सम्बन्धित अनुदेशों

को पूरी तरह समाविष्ट करना चाहिए और इसे इन शर्तों के अधीन खोला जाना चाहिए कि यू० के० में सम्बद्ध बैंक लाभ प्राप्त कर्त्ताओं को प्रारम्भिक रूप में उनकी अपनी निधि से भुगतान करने के बाद उस की क्षतिपूर्ति भारत में सम्बद्ध बैंक से (खंड 3 (क) के अन्तर्गत आने वाले मामले में) या सी ए ओ लन्दन के माध्यम से स्टेट बैंक आफ इंडिया, लन्दन से (खंड-3 (ख) के अन्तर्गत आने वाले मामले में) प्राप्त करेगा । साख पत्र खोलने के सम्बन्ध में भारतीय मुद्रा विनिमय बैंक के अनुदेशों को वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए प्राधिकरण के पूर्ण रूपेण अनुरूप होना चाहिये । इसमें किसी भी प्रकार अन्तर नहीं होना चाहिए । साख पत्र में शीर्षक "यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान 1975", आयात लाइसेंस सं० एवं दिनांक, परिचय प्रत्यय और जहां आवश्यक हो, यू० के० सरकार की संविदा अनुमोदन सं० का संकेत होना चाहिए ।

24. जब साख पत्र खोला जा रहा हो, तो भारत के प्राधिकृत विदेशी मुद्रा विनिमय बैंक आयातक की ओर से इस बात का सुनिश्चय करने के लिए कि प्रलेखन की उपर्युक्त जरूरतों को नोट कर लिया गया है तथा यू० के० संभरकों द्वारा इस का अनुपालन किया गया है, साख पत्र मे आवश्यक शर्तों को शामिल करने पर ध्यान देगा ।

25. यदि पहले से ही जारी किए गए प्राधिकार पत्र को आयात लाइसेंस के मूल्य को बढ़ाने के आधार पर आयात संशोधित किया जाना है तो आयातक के आवेदन-पत्र के साथ आयात लाइसेंस अथवा उसकी फोटोस्टेट प्रति भेजी जानी चाहिए जिसमें आयात लाइसेंस के मूल्य में बढ़ाई गई धनराशि के लिए लागू विनियम दर का संकेत हो ।

5. प्रलेखन

26. यह देखने की जिम्मेदारी आयातक की है कि यू० के० सम्भरक भेजे गए माल के लिए भुगतान की मांग करते समय यू० के० बैंक के लिए नीचे उल्लिखित प्रलेखों को पूरा करता है और प्रस्तुत करता है :—

(1) चार फोटो प्रतिया या अन्य किसी विधि से तैयार की गई प्रतियों के साथ मूल बीजक (बीजक में आयातक का नाम और पता, सम्भरित की गई प्रत्येक मद की मात्रा और विस्तृत विवरण, वितरण का आधार (लागत भाड़ा या लागत बीमा भाड़ा) और किसी प्रकार की आनुषंगिक सेवाएं जिसमें वितरण या नौवहन या परिवहन बीमा सेवाएं शामिल हैं, उसकी स्टर्लिंग लागत को दिखाया जाना चाहिए ।

(2) महासागर या चार्टर लदान—पत्र की एक प्रति (या फोटोस्टेट) या वायु-मार्ग बिल या डाक पार्सल रसीद (लदान पत्र में खर्चों का संकेत होना चाहिए चाहे इन का भुगतान किसी भी मुद्रा में किया गया हो या उस के साथ खर्चों का वाहक विवरण दिया जाना चाहिए) ।

(3) अनुबन्ध 5 में दिए गए प्रपत्र में भुगतान प्रमाण पत्र की चार प्रतियां (ऐसी संविदाओं के सम्बन्ध में इनकी आवश्यकता नहीं है जिनके लिए अनुबन्ध 2 (ख) में दिए गए प्रपत्र में एक संविदा प्रमाण-पत्र (रासायनिक) की पूर्ति की गई है) । इस उद्देश्य के लिए सम्भरक द्वारा भुगतान प्राप्त करते समय भरने के लिए निर्धारित प्रपत्र में भुगतान प्रमाण पत्र के पांच खाली प्रपत्र साख पत्र के साथ संलग्न करने चाहिएं ।

(4) अनुबन्ध-2 या 2(ख) में निर्धारित संविदा प्रमाण-पत्र की तीन प्रतियां । प्रत्येक प्रलेख में ऋण जोखिम निश्चय, प्रत्यय, आयात लाइसेंस के ब्यौरे और वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए साख प्राधिकरण पत्र के ब्यौरों को अवश्य प्रदर्शित करना चाहिए । (यदि निकासी अभिकर्ता द्वारा इन ब्यौरों का उल्लेख करना सम्भव हो तो लदान बिल में आयात लाइसेंस के ब्यौरों को नहीं दर्शाया जा सकता है) ।

27. यू० के० सम्भरक को भुगतान किये जाने के बाद यू० के० का सम्बद्ध बैंक भारतीय सम्बद्ध बैंक को प्रलेखों का मूल परक्राम्य सेट वायुमार्ग से भेजेगा ।

28(क). खंड-3 (क) के अन्तर्गत आने वाले मामलों में भारतीय बैंक यू० के० बैंक को उस के द्वारा बैंक प्रभारों सहित यू० के० सम्भरकों को किए गए भुगतानों की प्रतिपूर्ति प्रेषण द्वारा करेगा । भारतीय बैंक द्वारा आयातकों से इस प्रकार की विदेशी मुद्रा परेषणों की तत्सम्बन्धी समतुल्य रुपए में वसूली दोनों के बीच हुई सहमति से तय की गई व्यवस्थाओं के अनुसार की जाएगी । यू० के० बैंक भी पूर्ण किए गए भुगतान प्रमाण पत्र की एक अपरक्राम्य प्रति सहायता लेखों एवं लेखा परीक्षा, नियंत्रक नई दिल्ली को भेजेगा ।

खंड-3(ख) के अन्तर्गत आने वाले मामलों में भारतीय बैंक प्रलेखों की प्राप्ती पर यू० के० बैंक को बैंक प्रभारों का परेषण करेगा और आयातक से उसी को वसूल करेगा । (ख) खंड 3(ख) के अन्तर्गत आने वाले मामलों में यू० के० बैंक साथ ही साथ सी ए ओ, लन्दन से प्रतिपूर्ति का दावा करेगा और इस प्रयोजन के लिए सभी प्रलेखों को प्रस्तुत करेगा । सी ए ओ, लन्दन स्टेट बैंक आफ इंडिया लन्दन के माध्यम से यू० के० बैंक को भुगतानों की व्यवस्था करेगा ।

6. यू० के० अनुदान के अन्तर्गत/रुपया निक्षेप के लिए प्रतिपूर्ति प्राप्ति के लिए भारत सरकार को सक्षम बनाने में भारतीय बैंक की जिम्मेवारी

(क) खंड 3(ए) के अन्तर्गत आने वाले मामलों में

29. बैंक प्रभारों के साथ इसके द्वारा यू० के० संभरकों को स्टर्लिंग भुगतानों के यू० के० बैंक में प्रतिपूर्ति करने के बाद (कंडिका 28 (क) देखें) भारतीय बैंक को चाहिए कि वह 10 दिनों के भीतर आवश्यक प्रलेखों को सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा, नियंत्रक नई दिल्ली को भेजे ताकि भारत सरकार यू० के० अनुदान के अन्तर्गत आवश्यक प्रतिपूर्ति प्राप्त करने में सक्षम हो सके । भेजे जाने वाले प्रलेख ये हैं :—

(1) यू० के० सम्भरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित अनुबन्ध 2 या अनुबन्ध 2(ख) जैसा उचित हो, में दिए गए रूप में संविदा प्रमाण पत्र तथा सम्बन्धित साख पत्र की एक प्रति ।

(2) यू० के० सम्भरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित अनुबन्ध 5 में दिए गए के अनुसार भुगतान प्रमाण पत्र ।

(3) खंड 5 में उल्लेख किए गए के अनुसार बीजक तथा लदान बिल । जहां संविदा के अन्तर्गत यू० के० सम्भरक को एक से अधिक भुगतान किया जाना है, संविदा प्रमाणपत्र तथा साख पत्र की एक प्रति भेजने की आवश्यकता केवल प्रथम भुगतान के लिए है । आगामी बीजक के लिए सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक नई दिल्ली को भेजना आवश्यक है किन्तु परिचय प्रत्यय को सम्बन्धित संविदा प्रमाण पत्र तथा साख पत्र में उद्धृत किया जाना चाहिए ।

(ख) खंड 3(ख) के अन्तर्गत आने वाले मामलों में

30. यू० के० बैंक से लदान दस्तावेज के साथ भुगतान के परामर्श की पावती के (7) दिनों के भीतर भारतीय सम्बद्ध बैंक आयातक से आयातों का रुपए में मूल्य वसूल करेगा और इसके साथ यू० के० बैंक द्वारा यू० के० संभरकों को किए गए भुगतान की तारीख से लेकर सरकारी लेखों में समतुल्य रुपया जमा करने की तारीख तक की अवधि के लिए 6 प्रतिशत वार्षिकी की दर से ब्याज प्रभार भी लेगा ।

31. **समतुल्य रुपए का निक्षेप.**—उपर्युक्त उल्लिखित धनराशि भारतीय बैंक द्वारा भारत सरकार के लेखे के लिए रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी शाखा दिल्ली में जमा करानी चाहिए या जहां यह सम्भव न हो तो इसे स्टेट बैंक आफ इंडिया के नाम मे दर्शनी हुंडी द्वारा प्रेषित किया जाना चाहिए । रुपया निक्षेप सार्वजनिक सूचना सं० 74-आई टी सी (पी एन)/74 दिनांक 31-5-74 के लिए प्रकाशित अनुबन्ध में दिए गए राजकोष चालान प्रपत्र में किया जाना चाहिए । इसके बाद निक्षेप के साक्ष्य को दर्शाते हुए राजकोष चालान रजिस्ट्री डाक द्वारा सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा, नियंत्रक, नई दिल्ली को भेज देना चाहिए और उसमें बीजक, लदान प्रलेखों एवं जिस अनुभाग से सौदा सम्बन्धित है उस के प्राधिकरण की प्रतियां होनी चाहिएं एवं उनके सन्दर्भों का संकेत होना चाहिए।

सम्बद्ध भारतीय बैंक इस तरह सेवा प्रभारों के आधार पर ऐसी अतिरिक्त धनराशि को भारत सरकार द्वारा मांग किए जाने के 7 (सात) दिनों के भीतर ही जमा करने की व्यवस्था करेगा ।

लाइसेंसधारी को सार्वजनिक सूचना संख्या 184-आई टी सी (पी एन)/68, दिनांक 30 अगस्त, 1968 के लिए अनुबन्ध-2 में यथा सम्मिलित प्रपत्र "एस" दो प्रतियों में भरना चाहिए और उन्हें उक्त सार्वजनिक सूचना में निर्धारित क्रियाविधि के अनुसार रुपया निक्षेप की व्यवस्था करते समय प्रस्तुत करना चाहिए ।

32. **रुपया निक्षेप के लिए लेखा शीर्षक.**—भारत सरकार के क्रेडिट में ब्याज प्रभारों सहित जमा की जाने वाली धनराशि निम्नलिखित लेखा शीर्षक के अन्तर्गत जमा की जाएगी :—

"के डिपोजिट्स एंड एडवांसेस—843 सिविल डिपोजिट्स-डिपोजिट्स फार परचेजेस एक्सेट्रा एग्राड-डिपोजिट्स अन्डर यू० के०/इंडिया सेक्ट्रल ग्रान्ट 1975"

लेखा अधिकारी

और महालेखा पाल, केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली को लेखा अधिकारी के रूप में दर्शाया जाएगा जो इस क्रेडिट का समंजन करेगा ।

33. **बैंक गारन्टी को रिहा करना.**—बैंक गारन्टी एवं वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए प्राधिकरण के अनुसार आभार पूर्ण हो जाने के बाद, सम्बद्ध भारतीय बैंक, बैंक गारन्टी की रिहाई के लिए सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, नई दिल्ली को आवेदन कर सकता है । सम्बद्ध भारतीय बैंक द्वारा (न कि आवेदक द्वारा) आवेदन पत्र भेजा जाना चाहिए और यह अनुबन्ध-6 में निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए ।

7. आयात लाइसेंस के उपयोग किए जाने के संबंध में रिपोर्ट

34. **रिपोर्ट भेजना.**—अनुबन्ध-7 में यथा संलग्न प्रपत्र में लाइसेंस के उपयोग किए जाने की स्थितियों को प्रदर्शित करते हुए एक रिपोर्ट, जिस तिमाही से यह सम्बद्ध हो उसके अगले मास की 15 तारीख को वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यु ई-2 अनुभाग) नई दिल्ली को भेजी जानी चाहिए और इस की एक प्रति सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, यु० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग नई दिल्ली को भेजी जानी चाहिए ।

8. विविध

35. **यू० के० संभरकों से धन वापसी.**—लाइसेंसधारी द्वारा यु० के० संभरक या किसी संविदाकर्ता (बीमा कम्पनी आदि) से धनवापसी या बीमा दावे को निपटाने में या अन्यथा रूप से किसी प्रकार की धनराशि प्राप्त होती है तो ऐसी धनराशि संभरक द्वारा यु० के० के सम्बन्ध बैंक को (जिस के द्वारा प्रारम्भ में यु० के० संभरक को भुगतान किया गया था) इन अनुदेशों के साथ वापस की जानी चाहिए कि वे बदले में इस धनराशि को अनुदान लेखे में जमा करने के लिए तुरन्त सी ए ओ लन्दन को वापस कर दें । अनुदान लेखे में इस प्रकार की धनराशि जमा करने के बाद वित्त मंत्रालय द्वारा रुपए में इस के बराबर धन-राशि को आयातक को उस के द्वारा दावे की पावती के बाद वापिस कर दिया जाएगा । यदि किसी प्रकार की धनवापसी ऋण समाप्त होने के बाद प्राप्त होती है तो वह संभरक द्वारा सीधे ही आयातक को दी जाएगी ।

36. **धनवापसी की रिपोर्ट भेजना.**—जब और जैसे ही ऐसी धनवापसी प्राप्त होती है तो उसकी एक रिपोर्ट अनुबन्ध-7 में दिए गए प्रपत्र में वित्त मंत्रालय को भेजी जानी चाहिए और इसकी एक प्रति सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को भेजी जानी चाहिए ।

37. **विशेष शर्तों, व्यवस्थाओं के लिए अधिसूचित किए जाने वाले संभरक.**—आयात लाइसेंस में ऐसी कोई विशेष शर्त हो जो कि संभरक पर सौदे के पालन करने में प्रभाव डाले तो लाइसेंस-धारी को चाहिए कि वह संभरक को इस से आभारी करा दे।

38. **विवाद.**—यह जान लेना चाहिए कि लाइसेंसधारी और संभरकों के बीच यदि किसी प्रकार का विवाद उठ खड़ा होता है तो भारत सरकार किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं लेगी।

39. **भविष्य के लिए अनुदेश.**—आयात लाइसेंस या इससे संबंधित किसी एक या सभी मामलों के संबंध में तथा अनुदान करार के अन्तर्गत सभी प्रकार के आभारों को पूरा करने के संबंध में सरकार द्वारा जारी किए गए निदेशों, आदेशों या अनुदेशों का तुरन्त पालन करेगा।

40. **उल्लंघन या अतिक्रमण.**—उपर्युक्त कंडिका में दी गई शर्तों के उल्लंघन या अतिक्रमण करने पर आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम 1947 एवं इस के अन्तर्गत जारी किए गए आदेशों के अधीन उचित कार्रवाई की जाएगी।

10. अनुबंध की सूची

1.	अनुबन्ध-1	संविदा की अधिसूचना
2.	अनुबन्ध-2	संविदा प्रमाण पत्र
3.	अनुबन्ध-2(ख)	संविदा प्रमाण पत्र (रासायनिक)
4.	अनुबन्ध-3	साख पत्र प्राधिकरण के लिए आवेदन पत्र का प्रा प
5.	अनुबन्ध-4	बैंक गारन्टी का प्रपत्र
6.	अनुबन्ध-5	भुगतान प्रमाण पत्र
7.	अनुबन्ध-6	बैंक गारन्टी की रिहाई के लिए आवेदन पत्र का प्रपत्र
8.	अनुबन्ध-7	आदेश देने एवं आयात लाइसेंस के उपयोग के लिए
9.	अनुबन्ध-8	रिपोर्ट करने के लिए प्रान्त धनवापसी की रिपोर्ट का प्रपत्र।

अनुबन्ध—1

यू० के०/भारत पूंजी क्षेत्रीय अनुदान, 1975
संविदा की अधिसूचना

सेवा में,

समुद्र पार सरकार एवं प्रशासन के लिए
क्राउन एजेंट
4, मिलबैंक,
लन्दन एस डब्ल्यू—1

संविदा की अधिसूचना संख्या
परिचय प्रत्यय संख्या

संविदा के निम्नलिखित ब्यौरे हैं जिसके अन्तर्गत यह प्रस्तावित किया जाता है कि उपर्युक्त अनुदान की शर्तों के अनुसार भुगतान किया जाएगा:—

1. यू० के० संविदा कर्त्ता का नाम तथा पता

2. संविदा का दिनांक

3. भारतीय खरीददार का नाम

4. माल का संक्षिप्त ब्यौरा तथा/अथवा कार्य अथवा सेवाएं

5. संविदा का मूल्य

6. भुगतान की शर्तें

भारत सरकार की ओर से हस्ताक्षरित
दिनांक

वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) डब्ल्यू ई–2 अनुभाग, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित ।

अनुबन्ध–2

यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान, 1975

संविदा प्रमाण पत्र

1. संविदा की तारीख 2. (क) संविदा संख्या

(ख) परिचय प्रत्यय

3. खरीददार को दिये जाने वाले माल अथवा सेवाओं का विवरण

.....

(यदि कोई मदों की पूर्ति की जानी है, तो इस प्रमाण पत्र के साथ उसकी एक विस्तृत सूची लगा देनी चाहिये)

4. क्रेता द्वारा देय कुल संविदा मूल्य (लागत बीमा भाड़ा, लागत तथा भाड़ा या जहाज पर निशुल्क का उल्लेख कीजिए) पौण्ड

यदि माल का संभरण किया जाना है, तो निम्नलिखित खण्डों का अनुपालन करना अनिवार्य है (यदि संविदाकर्ता केवल निर्यातक अभिकर्त्ता है तो मांगी हुई सूचना निर्माण कर्त्ता से प्राप्त करनी चाहिए) ।

5. खरीददार को संभरण किये जाने वाले माल का विवरण	कीमत पौण्ड	यू०के०/टैरिफ/ट्रेड कोड सं०
.....		
.....		
.....		

6. जो माल यू० के० मूल का नहीं है, परन्तु संविदाकार द्वारा सीधे बाहर से खरीदा गया है तो जहाज पर निःशुल्क मूल्य का अनुमानित प्रतिशत जैसे आयातित कच्चे माल या निर्माण किये गये संघटकों का प्रतिशत :

(क) प्रतिशत जहाज पर निःशुल्क मूल्य

(ख) मदों का विवरण तथा संक्षिप्त विशिष्टकरण

7. यदि विदेश मूल के किसी कच्चे माल का संघटकों का उपयोग किया गया हो, जैसे ताम्बा, अदह, कपास, लकड़ी लुगदी आदि, परन्तु संविदाकर्ता द्वारा इस संविदा के लिए इनकी खरीद यू० के० में की गई है तो उनका उल्लेख करें :—

(क) प्रतिशत जहाज पर निःशुल्क मूल्य.....

(ख) मदों का विवरण और संक्षिप्त विशिष्टकरण

यदि सेवाएं प्रदान की जानी है, तो निम्नलिखित खंडों को भी पूर्ति की जानी चाहिए :—

8. नीचे लिखे द्वारा किए गए किसी काम या खरीददार के देश में निष्पादन सेवाओं का अनुमानित मूल्य बताएं :—

(क) आपकी फर्म (स्थल, अभिकरण के खर्चे आदि)——————————

(ख) स्थानीय संविदाकर्ता——————————

9. **उपर्युक्त कंडिका 6, 7 या 8 के संबंध में जैसा आवश्यक हो टिप्पणी दें ।**

10. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि नीचे लिखे संविदाकर्ता द्वारा मैं यू० के० में नियोजित किया गया हूं और इस प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकार मुझे प्राप्त है । मैं एतद्द्वारा यह जिम्मेदारी लेता हूं कि उपर्युक्त कंडिका 6, 7, 8 और 9 में विशिष्टकृत को छोड़कर किसी और माल या सेवाओं का जो यू० के० मूल की नहीं है, संविदा के निष्पादन में संभरण नहीं किया गया है ।

हस्ताक्षरित——————————

पद जिस पर वह है——————————

संविदाकर्ता का नाम और पता——————————

दिनांक————

टिप्पणी .—इस घोषणा के लिए यू० के०, दि चेनल आइलैंड और आइल्ज आफ मैन को शामिल करता है ।

संविदाकर्ता को यह नोट कर लेना चाहिए कि तब तक माल का विनिर्माण नहीं किया जाना चाहिए जब तक अनुमोदन अधिसूचित न कर दिया गया हो ।

केवल कार्यालय के प्रयोग के लिए

भुगतान

परियोजना का नाम एवं सं०——————

पी ए

दिनांक धनराशि आद्याक्षर

वचनबद्ध धनराशि	प्रविष्टि की तारीख	अनुमोदन
		दिनांक आद्याक्षर

अनुबन्ध 2(ख)

यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान 1975

केवल रसायन एवं सम्बद्ध उत्पादों के लिए संविदा प्रमान सत्र

1. संविदा की तिथि————————संविदा की संख्या————————

आयात लाइसेंस संख्या————————दिनांक————परिचय प्रत्यक्ष

2. खरीददार को संभरण किए जाने वाले उत्पाद (दों) का विवरण (टिप्पणी क)	पौंड मूल्य	यू० के० दर सूची वर्गीकरण सं० (टिप्पणी)	क्या उत्पाद यू० के० मूल्य का है ? (टिप्पणी सी देखिए) हां या नहीं लिखिए

3. खरीददार द्वारा भुगतान की जाने योग्य कुल अनुमानित संविदा कीमत स्टर्लिन पौंड में

4. (घोषणा) मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि नीचे लिखे संविदाकर्ता द्वारा मैं यू० के० में नियोजित किया गया हूं और वैध प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकार मुझे प्राप्त है और उपर्युक्त सूचना सही है।

हस्ताक्षरित————————

पद किस पर है————————

संविदाकर्ता का नाम————————

और पता

दिनांक————————

टिप्पणी

ए इस प्रपत्र का प्रयोग केवल रासायन तथा संबंधित उत्पादों के लिए किया जाना है जिनमें अधिकतर को यू०के० दर सूची के अध्याय, 15, 25, 28–35 तथा 37–40 के उपर्युक्त उपशीर्षकों द्वारा सम्मिलित किया गया है।

बी. देखिए :—

1. एच० एम० कस्टम तथा एक्साईज टेरिफ एच० एम० एस० ओ०

2. ब्रुसल्स नामावली एच० एम० एस० ओ० में रसायनों का वर्गीकरण

सी. (1) यदि उत्पाद पूर्णतया यू० के० देशी माल से तैयार किया गया है तो उत्पाद यू० के० मूल का समझा जाता है अथवा उपर्युक्त ई०एफ०टी०ए० विशेषक विधि के अनुसार पूर्णतया अथवा अंशतः आयातित माल प्रयोग किया जाता है।

(2) एच० एम० एस० ओ० निर्यातकों के प्रयोग के लिए ई० एफ० टी० ए० विशेषक विधि, ई० एफ० टी० ए० सार-संग्रह के सूचक 1 में बतायी गई है।

(3) प्रस्तुत घोषणा के लिए इस पर बल दिया जाता है कि निकासी प्रतिशत निकस लागू नहीं होता है।

(4) उपर्युक्त सूचक में जहां कहां शब्द 'क्षेत्र मूल' आते हैं इनका तात्पर्य केवल यू० के० मूल से है।

(5) प्रस्तुत घोषणा के लिए 'माल की सूची' (ए० एफ० टी० ए० सार-संग्रह का सूचक-3) लागू नहीं होती है।

(6) यदि विषयाधीन माल के लिए विशेषक विधि सूचीबद्ध नहीं है तो क्राउन एजेंट, सी एस 4 विभाग 4 मिल एम डब्ल्यू 1 से सलाह ले लेनी चाहिए।

डी. इस घोषणा के लिए यू० के०, चैनल आइलैंड तथा आइल्ज आफ मैन को शामिल करता है।

अनुबन्ध—3

साख पत्र प्राधिकरण के लिए आवेदन पत्र का प्रपत्र

परिचय प्रत्यय———————

सेवा में,

सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक,
(आर्थिक सहायता लेखा शाखा)
वित्त मंत्रालय,
(अर्थ कार्य विभाग)
यूनाइटिड कमर्शियल बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली।

विषय :—यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान, 1975 के अन्तर्गत यू० के० से———————
———————————————का आयात।

महोदय,

उपर्युक्त यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान 1975 के लिए यू० के० से———————
का आयात करने के संबंध में हम निम्नलिखित विवरण भेजते हैं, जिससे आप हमें हमारे बैंकरों के माध्यम से आपके द्वारा मनोनीत यू० के० बैंक में खास पत्र खोलने के लिए प्राधिकरण जारी करने में समर्थ हो सकें :—

(क) आयात लाइसेंस का विवरण :—

(1) पूरी सं० एवं दिनांक———————————मूल्य (रुपए)———————
तिथि जिस तक वैध है———————————

(ख) लाइसेंस का स्टर्लिंग में मूल्य

(लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा आयात लाइसेंस में संकेतित विनिमय दर पर गणना की गई)

(ग) पहले से ही दिए गए आदेशों का क्रमिक स्टर्लिंग मूल्य जिस के लिए प्राधिकार पत्र प्राप्त किए गए हैं (प्राधिकारी पत्र की सं० एवं स्टर्लिंग मूल्य को दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न किया जाना चाहिए)

(घ) यू० के० संभरक/संभरकों का नाम और पता बताते हुए दिए गए आदेश का स्टर्लिंग मूल्य जिसके लिए प्राधिकरण की जरूरत है और प्रत्येक संभरक के लिए (दिए गए आदेश और उसके लिए यू० के० संभरक की स्वीकृति की प्रति संलग्न की जानी है) अलग-अलग अपेक्षित प्राधिकरण की धनराशि/धनराशियां।

(ङ) सम्बद्ध यू० के० बैंक का नाम जिस में साख-पत्र संस्थापित किया जाना है।

(च) उस भारतीय बैंक का नाम जिसने बैंक गारन्टी भेजी है और जो उन मामलों में साख पत्र खोलेगा जिन में इस सार्वजनिक सूचना का खंड–3 (ख) लागू होता है।

——————————द्वारा भेजी गई बैंक गारन्टी जो स्टाम्प अधिनियम
(बैंक का नाम)

1899 की धारा 31 की व्यवस्थाओं के अनुसार समाहर्ता द्वारा विधिवत न्याय निर्णित की गई है संलग्न है।

टिप्पणी.—खंड–3(क) के अन्तर्गत आने वाले मामलों में मद (च) लागू नहीं है।

(लाइसेंसधारी के हस्ताक्षर
एवं पूरा पता)

अनुबन्ध 4

बैंक गारंटी का प्रपत्र

सेवा में,

भारत के राष्ट्रपति,
द्वारा सचिव, भारत सरकार,
वित्त मंत्रालय,
अर्थ कार्य विभाग,
नई दिल्ली।

भारत के राष्ट्रपति के हेतु जिसमें आगे "सरकार" कहा गया है निम्नलिखित द्वारा आयात किये जाने वाले माल की कीमत का विदेशी मुद्रा में भुगतान की व्यवस्था करने के लिए सहमत होते हुए :—

1.*(1) फर्म का नाम

(2) तथा किस्म जिसके अधीन

(3) व्यक्ति/भागीदार काम कर रहा है

(नाम) और (पता)

*सर्वश्री एक कम्पनी जिसका पंजीकृत कार्यालय राज्य में है जिन्हें आगे रुपये के लिए प्रदान किए गए आयात लाइसेंस सं० दिनांक के अन्तर्गत "आयातक" कहा गया है, हम एतद्द्वारा गारन्टी देते हैं कि रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली में सरकार के खाते में या स्टेट बैंक आफ इंडिया तीस हजारी शाखा दिल्ली के नाम दर्शनी हुंडी जो उक्त तीस हजारी शाखा को (केन्द्रीय सरकार के लेखे में क्रेडिट के लिए) अग्रसारित की जाती है, के द्वारा निम्नलिखित धनराशि जमा करने की व्यवस्था करेंगे :—

(1) वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए साख पत्र प्राधिकरण के अधीन य० के० बैंकों द्वारा स्टर्लिंग में किये गये भुगतानों को प्रदर्शित करते हुए बीजक के मूल्य के बराबर रुपयों के भुगतान की सूचना और लदान दस्तावेजों की यू० के० बैंकों से प्राप्ति के सात दिनों के भीतर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा निर्धारित की गई मुद्रा विनिमय की मिश्रित दर पर धनराशि यह मिश्रित दर, जब तक दूसरी दर सार्वजनिक सूचना के द्वारा या रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा विदेशी मुद्रा विनिमय के प्राधिकृत व्यापारियों को मुद्रा विनिमय नियंत्रण परिपत्रों द्वारा अधिसूचित नहीं कर दी जाती पौंड 1–19.06 रुपये है देखिये सार्वजनकि सूचना सं० 108-आई टी सी (पी एन)/72 दिनांक 21 जुलाई, 1972 के साथ पढ़ी जाने वाली सार्वजनिक सूचना सं० 15–आई टी सी (पी एन)/72 दिनांक 28–1–72, और उक्त धनराशि पर यु० के० संभरकों को भुगतान करने की तिथि से समतुल्य रुपया भुगतान करने की तिथि तक के समय पर 6% सालाना की दर से ब्याज और बैंक प्रभार ।

(2) ऐसी अतिरिक्त धनराशि जो कि सेवा प्रभार के लिए देय होने पर सरकार द्वारा मांगी जा सकती है, मांगी जाने के 7 दिनों के भीतर ।

2. आयातकों द्वारा उपर्युक्त भुगतान करने में असफल रहने पर लापरवाही करने की स्थिति में हम सरकार को उसके द्वारा मांग करने पर ऐसी धनराशि जो रुपये से अधिक न हो (और उस पर उपर्युक्तानुसार ब्याज तथा सेवा प्रभार हो) बिना किसी आपत्ति के चुकाने का वचन लेते हैं और आयातकों की ओर से ऐसी असफलता या लापरवाही के सम्बन्ध में और हमारे द्वारा सरकार को देय धनराशि के सम्बन्ध में सरकार का निर्णय हमारे लिए अन्तिम और अनिवार्य होगा ।

3. हम सहमत हैं और वचन लेते हैं कि जब तक यथा पूर्वोक्त तुल्य रुपया या कोई अन्य देय धनराशि जो सरकार द्वारा मांगी जाए, सरकार के खाते में जमा नही कर दी जाती तब तक आयातकों को पोत परिवहन दस्तावेज रिहा नहीं किये जायेंगे ।

4. हम, ... सहमत हैं और वचन देते हैं कि इस गारन्टी को इसके लागु होने के दौरान सरकार की लिखित रुप में पूर्व सहमति के बिना रद्द नहीं करेंगे ।

5. इसमें निहित गारन्टी, आयातकों अथवा हमारी संस्था के संविधान में होने वाले किसी भी परिवर्तन से प्रभावित नहीं होगी ।

*जो लागू न हो उसे काट दें ।

6. सरकार को इस गारन्टी को प्रभावित किये बिना उपर्युक्त निर्दिष्ट आयात लाइसेंस की शर्तों में कोई परिवर्तन करने या समय-समय पर आयातकों द्वारा भुगतान करने की अवधि में वृद्धि करने या इसके द्वारा किसी समय तथा समय-समय पर आयातकों के प्रति प्रयोग किये जाने वाले अधिकारों को स्थगित करने की पूर्ण स्वतन्त्रता होगी और इस गारन्टी में पूर्वोक्त धनराशि के संदर्भ में सरकार द्वारा कोई भी अधिकार प्रयोग करने की स्वतन्त्रता के कारण अथवा आयातकों को दिये जाने वाले समय में परिवर्तन या वृद्धि के कारण अथवा सरकार की ओर से किसी प्रतिबंध अधिनियम या छुट अथवा सरकार द्वारा आयातकों पर किसी प्रकार की क्षमा अथवा कोई भी मामला या वस्तु, जो कि कानुन के अनुसार प्रतिभूतियों से सम्बन्ध हो इस परन्तुक के लिए, हमारे (बैंक का नाम) दायित्वों पर कोई भी प्रभाव डाले बिना हमें हमारे दायित्व से मुक्त नहीं करेगा ।

इस गारन्टी के अन्तर्गत हमारा दायित्व रुपये (जमा यथा पूर्वोक्त ब्याज तथा सेवा प्रभार) तक प्रतिबन्धित है और यह तिथि *मास 197..... तक लागू रहेगा । हम ऐसे अतिरिक्त निक्षेप करने का भी वचन लेते हैं जो कि मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचना संख्या 108-आई टी सी (पी एन)/72 दिनांक 21 जुलाई, 1972 के साथ बढ़ी जाने वाली सार्वजनिक सूचना संख्या 15-आई टी सी (पी एन)/72 दिनांक 28 जनवरी 1972 की शर्तों के अनुसार या समय-समय पर अधिसूचित सार्वजनिक सूचना के अनुसार आवश्यक हों । इस तिथि से 6 महीनों के भीतर इस बांड/गारंटी के अधीन लिखित रूप से दावे हो जाने के बाद और अगले 6 महीनों के भीतर इन दावों को लागू करने के लिए आवेदन या कार्रवाई हो जाने के बाद अर्थात् तक इस गारंटी के अधीन सरकार के सभी अधिकार समाप्त हो जायेंगे और इसमें निहित सभी उत्तरदायित्वों से हमें छुटकारा और मुक्ति मिल जाएगी ।

स्थान..... भवदीय

दिनांक..... बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर और बैंक का पूरा पता) ।

(बैंक गारंटी एक न्यायकेतर स्टाम्प पेपर निष्पादित की जानी है, स्टाम्प का मुल्य भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 31 की शर्तों के अनुसार समाहर्ता द्वारा निर्णीत की जाएगी) ।

*जिस तिथि तक सभी भुगतान पूर्ण हो जाने की आशा है उस तिथि में । मास जोड़ कर यह तिथि गिनी जाएगी ।

अनुबन्ध 5

यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान 1975

भुगतान प्रमाण पत्र

परिचय प्रत्यय

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि :—

1. नीचे सूचीबद्ध किए गए बीजक में उल्लिखित भुगतान, वह या उसकी प्रतियां इस भुगतान प्रमाण पत्र के साथ लगी हैं, बाकी हैं या नीचे लिखे गए संविदाकर्त्ता और खरीददार के बीच संविदा संख्या तारीख के सम्बन्ध में बाकी पूरे किए जाने वाले हैं, और संविदा प्रमाण पत्र के अन्तर्गत अधिसूचित इस संविदा के विवरण के अनुसार है जो तारीख को उक्त संविदाकर्त्ता के नाम पर हस्ताक्षरित हैं।

संविदाकर्त्ता के बीजक की संख्या	तारीख धनराशि पौंड	माल कार्य और/या सेवाओं का संक्षिप्त विवरण

2. कंडिका 1 में जो धन-राशियां विशिष्टकृत की गई हैं, वे संविदा प्रमाण पत्र की कंडिका 6, 7 अथवा 8 में बताई गई के लिए किसी अतिरिक्त विदेशी वस्तु को शामिल नहीं करती है ।

3. नीचे लिखे संविदाकर्त्ता के नाम पर इस प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने का मुझे अधिकार है ।

हस्ताक्षर

पद जिस पर वह है

के लिए और नाम पर संविदाकर्त्ता का नाम और

पता

तारीख

टिप्पणी :— इस घोषणा के लिए यु० के०, चेनल आफ आइलैंड और आइल्ज आफ मैन को शामिल करता है ।

अनुबंध–6

बैंक गारंटी मुक्त कराने के लिए आवेदन पत्र का प्रपत्र

परिचय प्रत्यय

सेवा में,

सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
यूनाइटिड कमर्सियल बैंक बिल्डिंग,
पार्लियामेंट स्ट्रीट,
न्यू दिल्ली

महोदय,

हम गारंटी सं० दिनांक
धनराशि रु० के अधीन अपने उत्तरदायित्व का पालन करने में हमारे द्वारा जमा किए गए रु० की विस्तृत जानकारी इस आवेदन के साथ नीचे प्रस्तुत कर रहे हैं कि यह बैंक गारंटी मुक्त की जाए और हमें लौटा दी जाए :—

1. आगातक/लाइसेंसधारी जिसकी ओर से गारंटी प्रस्तुत की गई थी, का नाम और पूरा पता ।

2. आयात लाइसेंस सं०, दिनांक, मूल्य और उसके अधीन आयात के लिए अनुमित पण्य वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण ।

3. साख पत्र खोलने के लिए वित्त मंत्रालय से प्राप्त किए गए प्राधिकरण(णों) के ब्यौरे
 (क) पत्र संख्या और दिनांक
 (ख) प्राधिकरण की धनराशि
 (ग) यू० के० अनुदान ।

4. आयातों और जमा किए गए रुपये के ब्यौरे (प्रत्येक साख पत्र प्राधिकरण के लिए अलग-अलग दिए जाने हैं)
 (क) खोले गए साख पत्र के ब्यौरे (सं०, दिनांक, मूल्य और संभरक का नाम)
 (ख) प्रत्येक साख पत्र से संबंधित बीजक की सं० और दिनांक
 (ग) स्टर्लिंग में बीजक की धनराशि (वास्तविक)
 (घ) जमा किए गए रुपये की धनराशि
 (ङ) संबंधित चालान सं० और दिनांक और राजकोष/बैंक का नाम
 (च) यदि डिमांड ड्राफ्ट द्वारा है, तो डिमान्ड ड्राफ्ट की संख्या और दिनांक और जिस पत्र के साथ डिमांड ड्राफ्ट स्टेट बैंक आफ इंडिया को भेजा गया था उसकी सं० और दिनांक ।

5. प्रत्येक साख पत्र प्राधिकरण में उपयोग की गई और उपयोग न की गई शेष धनराशि (स्टर्लिंग)

2. हम प्रमाणित करते है कि :—

(1) *वित्त मंत्रालय द्वारा दिए गए प्राधिकरण (णों) में उपलब्ध पौ० की शेष धनराशि उपयोग नही की गई है/उपयोग नहीं की जाएगी ।

अथवा

प्राधिकरण पत्र (णों) के आधार पर खोला गया साख पत्र बिना उपयोग किए समाप्त हो गया ।

और

(2) विषयाधीन गारंटी के अधीन हमारे दायित्व विधिवत् पूरे हो गए हैं ।

3. हम अनुरोध करते हैं कि बैंक गारंटी कृपया मुक्त की जाए और रद्द करने के लिए हमें लौटा दी जाए ।

भवदीय,

बैंक की ओर से प्राधिकृत एजेन्ट

*जो भी लागू हो

अनुबंध–7

उपयोग किए जाने वाली रिपोर्ट का प्रपत्र

यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुदान 1975

परिचय प्रत्यय

(1) प्रत्येक तिमाही अर्थात्

अप्रैल—जून
जुलाई—सितम्बर
अक्तूबर—दिसम्बर
जनवरी—मार्च

के लिए तिमाही समाप्त होने के बाद के महीने की 15 तारीख तक भेजी जानी है)

(2) प्रत्येक लाइसेंस के संबंध में रिपोर्ट भेजी जानी है

(रुपए एवं पौंड दोनों में)

1. आयातक (लाइसेंसधारी) का नाम
2. आयात लाइसेंस की पूर्ण सं० एवं दिनांक
3. आयात लाइसेंस का मूल्य
4. उक्त लाइसेंस के मद्दे दिए गए पक्के आदेशों की तारीख तथा मूल्य और शेष आदेश देने की स्थिति ।

5. क्या लाइसेंस शर्तों में सम्बद्ध निर्धारण के अनुसार संविदा दस्तावेज सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को भेजे गए है (पत्र आदि की सं० एवं दिनांक दिया जाना है)

6. यू० के० संभरकों के नाम में खोले गए साख पत्र के मूल्य के ब्यौरे

7. भुगतानों की स्थिति

(क) किए गए वास्तविक भुगतान

(1) जुलाई 1975—सितम्बर '75

(2) अक्तूबर 75—दिसम्बर '75

(3) जनवरी 76—मार्च '76

(और इसी तरह)

(ख) किए जाने वाले भुगतानों का अनुमान

(1) अप्रैल 76—जून '76

(2) जुलाई 76—सितम्बर '76

(3) अक्तूबर 76—दिसम्बर '76

(4) जनवरी 77—मार्च '77

(और इसी तरह)

8. लाइसेंस के ऐसे भाग का संकेत करें जो आवेदन में शामिल नहीं किया गया है और उसे अभ्यर्पण कर दिया गया है ।

हस्ताक्षर.....

पता.....

अनुबन्ध 8

यू० के०/भारत क्षेत्रीय अनुबंध 1975 के अन्तर्गत यू० के० से आयात के संबंध में संभरक/पोतवणिक/बीमाकर्त्ता द्वारा (अल्पावतरणक्षति इत्यादि के लिए दावे का निपटारा करने के लिए) प्राप्त धनवापसियों के विस्तृत ब्यौरे को दर्शाते हुए रिपोर्ट

परिचय प्रत्यय संख्या.....

(पौंड स्टर्लिंग में केवल निपटाए गए दावों के लिए)

1. आयात करने वाली फर्म का नाम

2. यू० के० साख के ब्यौरे

3. आयात लाइसेंस की संख्या और दिनांक

4. आयात लाइसेंस का मूल्य

5. प्राप्त धनवापसी की राशि

6. धनवापसी किस प्रकार की थी (संक्षिप्त ब्यौरा दें)

7. सम्बद्ध दस्तावेज जिसके अन्तर्गत यू० के० सभरकों को प्रारम्भिक भुगतान किए गए थे उनका सदर्भ (वित्त मंत्रालय को दस्तावेज प्रेषित करते हुए भारतीय बैंकों की पत्र संख्या और दिनांक के सदर्भ का संकेत करें ।

8. क्या प्राप्त की गई धनवापसियों माल के अदला-बदली के लिए प्रयोग की जानी या नहीं यदि नहीं तो पुष्टि करें कि राशि वास्तव में प्राप्त कर ली गई है । उसे रुपये में भुना लिया गया है ।

9. टिप्पणी

आयात करने वाली फर्म के
प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

बी० डी० कुमार,
मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात ।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1975